तापमान

अधिकतम 38.6 डिग्री
न्यूनतम 23.2 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, बुधवार, 25 जून 2025



12 नागरिक अस्पताल में रेबीज का इंजेक्शन खत्म, हो रही परेशानी





12 केमिकल खत्म होने के कारण हो रही गंदे पेयजल की सप्लाई




## खबर संक्षेप

### फोन छीनने की कोशिश में शामिल दो गिरफ्तार

**सोनीपत।** मुरथल थाना सोनीपत पुलिस ने फोन छीनने की कोशिश में शामिल दो आरोपितो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित तुषार व हितेश निवासी जटवाड़ा का है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मधुबनी बिहार निवासी दीपक ने गत 23 जून को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह मंगल ढाबे पर काम करता है। सोमवार को दीपक ढाबे पर बैठकर मोबाइल बात कर रहा था। इसी दौरान दिल्ली की तरफ से काले रंग की बाइक पर सवार होकर दो युवक आए और उनका मोबाइल को छीनने की कोशिश की।

### 25 को गोहाना में भाजपा मनाएगी काला दिवस

**गोहाना।** भाजपा द्वारा 25 जून को काला दिवस के रूप में मनाया जाएगा। यह जिलास्तरीय कार्यक्रम गोहाना में बरोदा रोड पर समता चौक के समीप स्थित भगवान वाल्मीकि आश्रम में प्रातः 10 बजे आयोजित होगा। भाजपा जिला गोहाना के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक द्वारा इस कार्यक्रम के लिए संयोजक और सह संयोजकों की नियुक्ति की गई। कार्यक्रम के लिए रणधीर सिंह लठवाल को जिला संयोजक, सुमित कक्कड़ और ओमवीर वत्स को सह संयोजक नियुक्त किया गया। जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक के अनुसार 25 जून का वह काला दिवस है जिस दिन वर्ष 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी द्वारा इमरजेंसी लगाकर लोगों की जबरदस्ती नसबंदी करके संविधान की हत्या की गई थी।

### रेलवे फाटक 26 जून को 12 घंटे तक बंद रहेगा

**गोहाना।** रोहतक-पानीपत रेलवे लाइन स्थित मुंडलाना-बुसाना रोड स्थित फाटक 26 जून को 12 घंटे बंद रहेगी। इस दिन रेलवे द्वारा वहां पर रखरखाव व मरम्मत कार्य कराया जाएगा। उत्तर रेलवे गोहाना के सीनियर सेक्शन इंजीनियर द्वारा इस संबंध में एसडीएम को सूचना दी गई और प्रशासन से सहयोग मांगा। 26 जून को फाटक के बीच में लाइन पर सुबह आठ बजे कार्य शुरू करवाया जाएगा जो रात को आठ बजे तक चलेगा।

### रोल बॉल खेल के लिए प्रतियोगिता 13 को

**सोनीपत।** जिला रोल बॉल एसोसिएशन ऑफ सोनीपत के द्वारा अंडर -11 (मिनी) और अंडर - 17 (जूनियर) आयु वर्ग के खिलाड़ियों की जिला स्तरीय रोल बॉल प्रतियोगिता करवाई जाएगी। जिसके तहत अंडर-11 (मिनी) और अंडर-17 (जूनियर) आयु वर्ग कि जिला स्तरीय रोल बॉल प्रतियोगिता रविवार को 13 जुलाई को टक्सन सिटी स्थित तेजल स्पोर्ट्स क्लब में आयोजित की जाएंगी।

### आरोपित को प्राथमिक उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लाया गया

# लुटेरा गैंग व पुलिस टीम की मुठभेड़, दस हजार के इनामी बदमाश को लगी गोली

प्राथमिक उपचार के बाद आरोपित को महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर किया रेफर, मुठभेड़ में आरोपित के पास से अवैध हथियार व मादक पदार्थ हुआ बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। गिरफ्तार आरोपित व जानकारी देते हुए एसीपी।

सोनीपत पुलिस ने ऑपरेशन आक्रमण के तहत नेशनल हाइवे पर लूट की योजना बना रहे बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया। बदमाशों ने पुलिस पर फायर करना शुरू कर दिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश को गोली लगी। जिससे वह घायल होकर गिर गया। पुलिस टीम ने चार आरोपितो को काबू कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित चांद उर्फ चांदा उर्फ पहलवान निवासी बिधल, निशांत उर्फ काला निवासी उत्तम नगर बंदेपुर, सचिन उर्फ टिंकू निवासी कुंजियां झज्जर, मनीष उर्फ मोनू निवासी गांव बिधल का है। पुलिस की गोली लगने से घायल चांदा को नागरिक अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे

- पुलिस ने काबू किए तीन आरोपितो को अदालत में किया पेश

- गोली लगने से घायल बदमाश का चल रहा है उपचार

प्राथमिक उपचार के बाद महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया। वहीं अन्य बदमाशों को पुलिस ने अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितो से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने आरोपितो के पास से अवैध हथियार व मादक पदार्थ भी बरामद किया है।

उप निरीक्षक अनिल कुमार की टीम ऑपरेशन आक्रमण के दौरान बहालगढ़ चौक पर मौजूद थी। उन्हें जानकारी मिली कि एनएच 334 बी मेरठ-झज्जर रोड राठधाना के पास चार बदमाश लूट की योजना बना रहे है। टीम मेरठ-झज्जर रोड, नजदीक गांव राठधाना पर पहुंची। जहां पर सड़क किनारे चार शख्स अपने हाथ में हथियार लिए खड़े दिखाई दिये। पुलिस टीम गाड़ी सहित उनके नजदीक फ्लाईओवर पर पहुंचे तो उन्होंने टॉर्च की लाइट से गाड़ी रोकने का ईशारा किया। गाड़ी रोकने पर बदमाशों ने हथियार सहित खिड़की खोलकर रुपये व जो कुछ पास में है देने की मांग की। बदमाश पुलिस की टीम को देखकर भागने लगे। उन्हें रोकने का प्रयास किया तो एक युवक ने फायर कर दिया। टीम के सदस्य ने अपनी आत्मरक्षा के लिए बदमाश के पैर पर गोली चला दी। उसके बाद बदमाशों को काबू कर लिया। गोली लगने से घायल बदमाश की पहचान चांद उर्फ चांदा के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास दो देशी पिस्तौल व एक खाली खोल बरामद हुआ। वहीं काबू किए निशांत उर्फ काला के पास से एक देशी पिस्तौल व जिंदा रौंद बरामद हुआ। आरोपित सचिन उर्फ टिंकू के पास से एक देशी पिस्तौल व एक जिंदा रौंद बरामद हुआ। आरोपित मनीष उर्फ मोनू के पास से एक देशी पिस्तौल व पांच जिंदा राउंड बरामद हुए। साथ ही उसके पास से कमर पर लटके बैग की तलाशी ली तो उसके पास से 470 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपितो के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।

#### घायल को खानपुर किया रेफर

पुलिस टीम की जवाबी कार्रवाई में घायल हुए बदमाश चांद को नागरिक अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया। जहां उसका उपचार चल रहा है। आरोपित पर हत्या, हत्या प्रयास, लूट सहित अन्य मामलों में 18 मुकदमे दर्ज है। अदालत की तरफ से आरोपित को 11 मुकदमों में फरार अपराधी घोषित किया हुआ है। वहीं तीन अन्य आरोपितों पर भी अलग-अलग थानों में मुकदमे दर्ज है।

#### तीन आरोपितों को चार दिन के रिमांड पर लिया

घायल आरोपित चाँद का इलाज चल रहा है। बाकी तीन आरोपितों को न्यायालय में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया गया है। रिमांड अवधि में आरोपितों से हथियारों और अन्य वारदातों में संलिप्तता का पता लगाया जाएगा। घायल का उपचार होने के बाद उसे अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की जायेगी। पुलिस टीम को बड़ी सफलता मिली है। आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की तरफ से अभियान चलाया जा रहा है।
-अजीत सिंह, एसीपी, मुख्यालय।

## राजपुरा माइनर के ऊपर बनाए ब्रिज में घटिया निर्माण सामग्री का आरोप



गन्नौर। घटिया सीमेंट को तोड़कर लगाते हुए मजदूर।

- विजिलेंस जांच की मांग
- सिंचाई विभाग के जेई ने लगाई निर्माण सामग्री की जताई अभिज्ञता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गन्नौर से राजलू गढ़ी सड़क मार्ग पर राजपुरा माइनर के ऊपर वाहनों के आवागमन के लिए माइनर के ऊपर बने ब्रिज का निर्माण कार्य जल्दबाजी में बनाने व घटिया निर्माण सामग्री प्रयोग करने का लोगों ने आरोप लगाया है। लोगों ने सरकार से ब्रिज निर्माण में लगाई गई निर्माण सामग्री की विजिलेंस से सैंपल भरवा कर जांच की मांग की है। वाहन चालक दिलावर, महेश विकास, सतवीर ने बताया कि हाल ही में प्रदेश सरकार ने सिंचाई विभाग के 50 से भी अधिक अधिकारियों को निर्माण कार्यों में घटिया निर्माण सामग्री लगाने के आरोप में कार्रवाई की थी। उनका कहना है कि इसके बावजूद भी अधिकारी इसके प्रति गंभीर नहीं है। उनका आरोप है कि निर्माण करने वाली एजेंसी ने एक तो सरकार द्वारा प्रतिबंधित सरिया का प्रयोग किया है।। दूसरा जो सीमेंट के कट्टों के पत्थर बने हुए थे उन पत्थरों को तोड़कर सीमेंट डाली गई है। इसके अलावा ड्राइंग के अनुसार भी सरिया नहीं लगाया गया है। निर्माण भी जल्दबाजी में किया जा रहा है। इस बारे में निर्माण करने वाली एजेंसी से संपर्क करने का प्रयास किया तो संपर्क नहीं हो पाया।

#### *सरिया प्रतिबंध लगाने का नहीं आया कोई लेटर: जेई*

*सिंचाई विभाग के पानीपत में तैनात निर्माण करने वाली विंग के के जे ई प्रवीण ने बताया कि जो सरिया लगाया गया है उसके प्रतिबंध का उनके पास कोई लेटर सरकार की तरफ से नहीं आया है। जहां तक सीमेंट घटिया लगाने की बात है उसका उन्हें पता नहीं है।*

## शहर के 17 वार्डों में 50-50 लाख रुपए के होंगे विकास कार्य, नपा की टेंडर प्रक्रिया शुरू



**गन्नौर।** नगरपालिका ने शहर के सभी 17 वार्डों में 50-50 लाख रुपये की लागत से विकास कार्य कराने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत नगर पालिका ने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है और सभी टेंडर जल्द ही अलाट कर दिए जाएंगे। इसके बाद हर वार्ड में कार्यों की शुरुआत की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार इन विकास कार्यों में मुख्य रूप से गलियों का निर्माण, नालियों की मरम्मत, स्ट्रीट लाइट लगाना, इंटरलाकिंग टाइल्स बिछाना तथा अन्य सार्वजनिक सुविधाओं को दुरुस्त करना शामिल हैं। बता दें कि लंबे समय से पार्षद विकास कार्यों को लेकर टेंडर लगाने की मांग कर रहे थे। पार्षदों द्वारा लगातार दो बार बजट बैठक को बीच में छोड़ दिया गया था, लेकिन पिछली बार हुई बैठक में पार्षदों को आश्वासन मिलने के बाद बैठक सफल हुई। आम बैठक में विधायक देवेंद्र कादियान ने भी अधिकारियों को सभी वार्डों में 50-50 लाख रुपये के टेंडर लगाने के निर्देश दिए थे। जिस पर सभी वार्डों के लिए बराबर बजट निर्धारित कर अधिकारियों द्वारा सभी वार्डों के एस्टिमेट तैयार करने के बाद टेंडर लगा दिए गए हैं।



## वैन डिवाइडर से टकराई भीषण हादसे में पांच घायल

**गोहाना।** दिल्ली-कटड़ा एक्सप्रेस-वे पर गांव रुखी के निकट वैन डिवाइडर से टकरा गई, जिसमें सवार पांच लोग घायल हो गए। वैन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और चालक फंस गया। दमकल केंद्र गोहाना और भैंसवान खुर्द पुलिस चौकी की टीम ने चालक को वैन से बाहर निकाला। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। उत्तरप्रदेश में पीलीभीत का सुभाष इको वैन चला रहा था। वैन में चार और व्यक्ति सवार थे। वे दिल्ली से जींद की तरफ जा रहे थे। वैन सुबह लगभग पांच बजे एक्सप्रेसवे वे स्थित गांव रुखी के निकट पहुंची। तब चालक को नींद की झपकी आई और अचानक वैन डिवाइडर से टकरा गई। वैन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और चालक उसके अंदर फंस गया। दमकल केंद्र गोहाना से टीम फायरब्रिगेड की गाड़ी लेकर मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों और पुलिस ने वैन के आगे व पीछे लोहे की चेन बांधी और दूसरे वाहनों से खींची।

## दीवारों से लीकेज होकर खेतों का पानी करोड़ों से बने अंडरपास में भरा

- पानी लीकेज रोकने के लिए जॉइंट चौड़ा कर सीलिंग का कार्य शुरू है, ठेकेदार की फाइनल पेमेंट भी रोकी है : एसडीओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर





गन्नौर। दीवारों से पानी लीकेज होने के बाद भरे अंडर पास में पानी से निकलते हुए वाहन चालक।

करोड़ों की लागत से गन्नौर से सोनीपत मार्ग पर राजलू गढ़ी गांव के पास बादशाही रोड पर रेलवे अंडरपास में बिना बरसात के ही मंगलवार को साइड में बनी सी सी की दीवारों से पानी का रिसाव होकर तालाब की तरह पानी भर गया। पानी भरने के कारण अंडरपास में कीचड़ होने की वजह से आवागमन करने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा और वह प्रशासन को कोसते नजर आए। वाहन चालक ललहेड़ी गांव के प्रवीण मलिक, सुरेश, सतबीर, महेंद्र, विकास ने बताया कि जब से अंडरपास बना है तब से थोड़ी ही बरसात होते ही कई कई फुट तक पानी भर जाता है। अब बिना बरसात के ही साइड की दीवारों से खेतों से पानी आकर भरने लगा है। अंडरपास को बने हुए दूसरा साल चल रहा है, वाहन चालक भी हैरान है कि कई बार तो जब बरसात भी नहीं होती तब भी अंडर पास में खेतों का पानी भर जाता है, बरसात होने पर तो और भी ज्यादा पानी भर जाता है जिस कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों का आरोप है कि करोड़ों की लागत से बनाए गए अंडरपास में घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग हुआ है जिस कारण साइड की दीवारों से पानी लीकेज होने के कारण अंडरपास में भर जाता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि अंडरपास की साइड में बनी दीवारों की निर्माण सामग्री की विजिलेंस से जांच करवा कर सैंपल भरवा जाएं ताकि लापरवाही करने वाले अधिकारियों व निर्माण एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई हो सके।

#### विभाग समाधान नहीं करवा रहा

करोड़ों रुपए की लागत से बने अंदर पास में शुरुआत से लेकर अब तक लगातार बरसात होने पर व बिना बरसात के भी कई बार पानी भरने को लेकर लोग हैरान है कि विभाग शुरू से लेकर अब तक स्थाई समाधान नहीं करवा पाया है और ना ही इसका पानी भरने का कारण खोज पाया है लेकिन विभाग के अधिकारी पूछने पर यह कह कर पल्ला झाड़ लेते हैं कि कहीं ना कहीं अंडरपास की दीवारों से ही पानी का रिसाव हो रहा है, पानी रोकने के लिए उन्होंने आसपास के किसानों को नोटिस भी दिए हैं।

#### निर्माण एजेंसी की फाइनल पेमेंट पेंडिंग है

एचआरडीसी के एसडीओ नरेश ने बताया कि दीवारों से पानी लीकेज होने से रोकने के लिए जॉइंट को चौड़ा कर सीलिंग करने का काम करवाया जा रहा है। जॉइंट चौड़े होने के कारण खेतों से पानी भरा है। निर्माण के बाद से लगातार पानी भरने की समस्या को लेकर उन्होंने निर्माण एजेंसी की फाइनल पेमेंट रोक रखी है, एजेंसी को जब तक पेमेंट नहीं दी जाएगी तब तक वह पानी भरने की समस्या का स्थाई समाधान नहीं कर लेता, इसके अलावा खेतों से जो पानी आता है उन किसानों को भी नोटिस दिए गए हैं, वे बिल्कुल दीवार के साथ में पानी भर देते हैं।

## जिला स्वास्थ्य अधिकारी कोरोना संक्रमित एक सप्ताह के लिए होम क्वॉरेंटाइन

- इस सीजन में जिले में तीसरा मामला, पहले दो रेलवे कर्मी आ चुके हैं कोरोना की चपेट में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में कोरोना संक्रमण ने एक बार फिर दस्तक दी है। जिले में स्वास्थ्य विभाग की सर्वोच्च अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. ज्योत्सना की कोविड-19 रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। फिलहाल उन्हें चिकित्सकों की सलाह पर एक सप्ताह के लिए होम क्वॉरेंटाइन कर दिया गया है। उनकी कोरोना जांच आरटीपीसीआर प्रणाली से खानपुर मैडीकल कॉलेज में हुई है। इससे पहले दोनों मामलों में जांच रिपोर्ट रैपिड जांच के आधार पर थी। जानकारी के अनुसार बीते तीन दिनों से सीएमओ डॉ. ज्योत्सना की तबीयत ठीक नहीं थी, जिसके चलते उन्होंने सोमवार को कोरोना टेस्ट के लिए अपना सैंपल दिया था। सैंपल को खानपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया था, जहां मंगलवार को आई रिपोर्ट में उन्हें कोरोना पॉजिटिव पाया गया। रिपोर्ट आने तक वे होम आइसोलेशन में थीं, लेकिन अब उन्हें सख्त क्वॉरेंटाइन के निर्देश दिए गए हैं। सीएमओ के संक्रमित पाए जाने के बाद स्वास्थ्य विभाग में चिंता का माहौल है। विभाग के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों को एहतियात बरतने, मास्क पहनने, सैनिटाइजर के प्रयोग और सामाजिक दूरी बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। साथ ही डॉ. ज्योत्सना के संपर्क में आए लोगों की सूची तैयार की जा रही है। जरूरत पड़ने पर इन सभी की कोविड जांच कराई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन एहतियात के तौर पर जिले में निगरानी बढ़ा दी गई है।

### डॉग स्कवॉयड के साथ की गई जांच, जिले भर में चलाया गया अभियान

# चलाया ऑपरेशन आक्रमण, एक साथ 78 आरोपितों को दबोचा



सोनीपत। ऑपरेशन अतिक्रमण के तहत जांच अभियान में शामिल डॉग स्कवॉयड।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में बढ़ते अपराधों पर नकेल कसने के लिए पुलिस आयुक्त सोनीपत ने ऑपरेशन आक्रमण के तहत बड़ा एक्शन लिया है। इस विशेष अभियान में पुलिस ने एक साथ 78 आरोपियों को गिरफ्तार करके अपराधियों में हड़कंप मचा दिया है। अभियान की कमान खुद पुलिस आयुक्त ने संभाली और सभी पुलिस उपायुक्तों व सहायक पुलिस आयुक्तों को सख्त निर्देश दिए गए। इसके बाद जिले भर में 72 पुलिस टीमें और 398 जवानों ने मोर्चा संभाला। पुलिस प्रवक्ता रविंद्र सिंह ने बताया कि सोनीपत पुलिस द्वारा चलाया गया यह ऑपरेशन न केवल अपराधियों पर प्रभावी प्रहार है, बल्कि यह जनता के बीच भरोसा पैदा करने वाला भी है। इस मुहिम से साफ है कि जिला पुलिस अपराध और असामाजिक तत्वों के खिलाफ पूरी तरह से सक्रिय है और आगे भी इसी प्रकार की कार्रवाइयां जारी रहेंगी।

#### अपराधियों के लिए कोई स्थान नहीं

सोनीपत में अपराध और अपराधियों के लिए कोई स्थान नहीं है। या तो वे अपराध छोड़ें या जिला छोड़ें। कानून को हाथ में लेने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। ऑपरेशन आक्रमण जैसे विशेष अभियान समय-समय पर चलाए जाएंगे ताकि अपराधियों में डर और आमजन में सुरक्षा की भावना बनी रहे।
**-नरेंद्र कादयान, पुलिस उपायुक्त (क्राइम), सोनीपत**

#### अभियान की मुख्य उपलब्धियां


1. **शस्त्र अधिनियम के तहत गिरफ्तारी:** क्राइम यूनिट वेस्ट ने एक आरोपी को अवैध पिस्तौल और एक जिंदा रौंद के साथ पकड़ा। आरोपी के खिलाफ थाना शहर गोहाना में शस्त्र अधिनियम की धाराओं में मामला दर्ज किया गया।
2. **मादक पदार्थ तस्कर गिरफ़्तार:** थाना खरखौदा क्षेत्र में एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को 641 ग्राम गांजा पत्ती के साथ पकड़ा गया। वहीं, आबकारी अधिनियम के तहत भी एक आरोपी को 11 बोतल देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।
3. **वाहन चोरी की गुत्थी सुलझी:** थाना खरखौदा में ही जून माह में हुई मोटरसाइकिल चोरी के मामले में दो आरोपियों को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया।
4. **अवैध शराब का भंडाफोड़:** थाना सेक्टर-27 पुलिस ने भी आबकारी अधिनियम के तहत 40 बोतल देशी शराब के साथ एक आरोपी को दबोचा।
5. **जुए के अड्डे पर छापा:** थाना एचएसआईआईडीसी बड़ी ने जुआ अधिनियम के तहत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 4590 रुपये की जुआ राशि जब्त की।
6. **अन्य गिरफ्तारी:** एक वांछित अपराधी, 6 उद्घोषित अपराधी सहित 34 बेल जंपर (जमानत के बाद अदालत में पेश न होने वाले) को भी गिरफ्तार किया गया।
7. **चालान भी किए गए:** इस ऑपरेशन के तहत संदिग्ध वाहनों की तलाशी लेकर 5 चालान किए गए और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।



# अक्षरधाम में नजर आएंगे अक्षय फिल्म का पहला पोस्टर जारी

**मुंबई।** अक्षरधाम का निर्देशन केन घोष कर रहे हैं। फिल्म मेकर्स ने मंगलवार को अक्षरधाम का नया पोस्टर जारी कर फैंस को खुश कर दिया है। पोस्टर में अक्षय खन्ना का दमदार लुक देखकर नजर आ रहा है। सी स्टूडियोज ने इंस्टाग्राम पर फिल्म अक्षरधामका पोस्टर जारी किया और कैप्शन में लिखा, 'आतंक की एक शाम। बेमिसाल वीरता की एक रात। यहां अक्षरधाम ऑपरेशन वज्र शक्ति का पहला लुक है, एक ऐसी कहानी जिसे भारत कभी नहीं भूलेगा! ट्रेलर बुधवार को रिलीज होगा। देखते रहिए। 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।' फिल्म का यह पोस्टर फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। वह इस पोस्टर पर लाल दिल वाले और फॉयर इमोजी बरसा रहे हैं।

लाइफ Style



# सारा

## जाओ हमारे गाने सुनो और कोरस में कहो- कमाल है

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर अपनी कुछ खास तस्वीरें शेयर कीं। इस शानदार लुक के साथ सारा ने एक खास शायरी भी लिखी है। सारा की इस शायरी पर उनके भाई इब्राहिम ने एक प्यारा कमेंट शायरी स्टाइल में दिया है।

सारा अली खान ने इंस्टाग्राम पर अपनी शानदार तस्वीरें शेयर कीं। इस नए लुक में सारा ऑफ शोल्डर लाल जंप सूट में नजर आ रही हैं। फैंस को सारा का यह लुक बेहद पसंद आ रहा है। फैंस ने उनके इस लुक पर फायर और लाल दिल वाले इमोजी बरसाए हैं। सारा ने इन तस्वीरों के साथ कैप्शन में इस शानदार लुक के साथ एक शायरी लिखी। उन्होंने लिखा, 'लाल मेरे दिल का हाल है, आधा टाई आधा खुला मेरे बाल है, हाई हील्स में व्यस्त चाल है, लेकिन एल्बम लॉन्च के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि वाह क्या सुर और ताल है।' सारा ने आगे लिखा, 'जाओ हमारे गाने सुनो और कोरस में कहो- कमाल है, कमाल है, कमाल है।' सारा की इस पोस्ट पर उनके भाई और एक्टर इब्राहिम अली खान ने भी शायरी में जवाब देते हुए सारा की तारीफ की है और साथ ही कहा कि तुम्हारी याद आती है बहन।' सारा की इस पोस्ट पर इब्राहिम अली खान ने कमेंट किया, 'तुम्हारी याद आती है बहन, तुम्हारे बिना लंदन कड़वा है, मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि मैं तुम्हारे पास जल्दी वापस आऊं और फिर निश्चित रूप से हम अपनी कलह शुरू कर देंगे। शायरी लिखना शायद मेरे खून में है और क्या बोलूं मेरी बहन सब से अच्छी है।'

हॉलीवुड मसाला



# 24 वर्षों बाद एक साथ आए नजर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता ब्रैड पिट की आगामी फिल्म 'एफ 1' का प्रीमियर लंदन में किया गया। इस दौरान कई दिग्गज सितारे शामिल हुए। हालांकि, यह प्रीमियर चर्चा का विषय तब बना, जब हॉलीवुड सुपस्टार टॉम क्रूज शो में भाग लेने पहुंचे और दोनों अभिनेताओं को साथ में करीब 24 साल बाद देखा गया। दोनों को आखिरी बार साल 2001 में 'अमेरिकाः ए ट्रिब्यूट टू हीरोज' कॉन्सर्ट में देखा गया था। टॉम क्रूज ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वो ब्रैड पिट के साथ नजर आ रहे हैं।




# जोनस ने खुद को बताया भाग्यशाली

**लॉस एंजिल्स।** निक जोनस अपनी पत्नी और एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा की तारीफ का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। वो अक्सर प्रियंका की तारीफ करते रहते हैं और उन्हें अपने लिए सबसे खास बताते रहते हैं। अब एक बार फिर निक जोनस ने पत्नी प्रियंका की तारीफ की है और खुद को लकी बताया है। निक जोनस ने अपने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की है। इस फोटो में निक और प्रियंका एक साथ नजर आ रहे हैं। फोटो में निक एक चेयर पर बैठे हुए हैं और प्रियंका उनकी गोद में बैठी हुई हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए निक ने जो कैप्शन लिखा है, उसने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है। निक ने इस तस्वीर को शेयर करते हुए कैप्शन में सिर्फ 'लकी मी' लिखा है। साथ में उन्होंने एक रेड हार्ट भी बनाया है।



# शुरू किया निकिता रॉय का प्रमोशन...

**मुंबई।** सोनाक्षी सिन्हा ने मंगलवार को सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। एक्ट्रेस ने यह स्टाइलिश लुक अपनी आगामी फिल्म निकिता रॉय के लिए लिया है। सोनाक्षी ने इस बेहतरीन लुक के साथ एक खास नोट भी लिखा है। सोनाक्षी सिन्हा ने इंस्टाग्राम पर अपनी शानदार तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। इस लुक के साथ सोनाक्षी ने कैप्शन में लिखा, 27 जून को सिनेमाघरों में मिलते हैं। एक फैन ने लिखा, सर्विंग लुक फीट. निकिता रॉय, एक और फैन ने लिखा, ग्लोइंग, एक और फैन ने लिखा, ग्लैमरस, एक और फैन ने लिखा, सुंदर, एक और फैन ने लिखा, बहुत सुन्दर लग रही है प्यारी सोना, एक और फैन ने लिखा, सोना फॉयर है'। हाल ही में सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी शादी के एक साल पूरे होने का जश्न मनाया।




# सबके सामने कॉल पर माफी मांगते रहे

**मुंबई।** सिंगर अरिजीत के गाए गानों के कई लोग फैन है, लोग उनके म्यूजिक कॉन्सर्ट को भी एंज्वॉय करते हैं। अरिजीत के बॉलीवुड फिल्मों में गाए गाने भी खूब पॉपुलर होते हैं। हाल ही में एक इवेंट में देखा गया कि अरिजीत वीडियो कॉल पर हैं और वहां मौजूद लोगों से माफी मांग रहे हैं। सोमवार को फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' फिल्म का म्यूजिक लॉन्च इवेंट था। इस फिल्म को दो गाने अरिजीत ने भी गाए हैं, जो इस वक्त सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहे हैं। फिल्म के म्यूजिक लॉन्च इवेंट पर सभी मौजूद थे, बस अरिजीत नहीं आ पाए। ऐसे में म्यूजिक कंपोजर प्रीतम ने अरिजीत को वीडियो कॉल लगाया। वायरल वीडियो में अरिजीज कॉल पर अपने फैंस से माफी मांगते दिखते हैं, क्योंकि वह इवेंट में नहीं आए पाए। काफी देर तक प्रीतम और अरिजीत वीडियो कॉल पर बात करते हैं।

टीवी मसाला




# महारानी वेब सीरीज को मिल चुके हैं 10 से ज्यादा अवॉर्ड्स

**नई दिल्ली।** 'पंचायत' सीरीज के सचिव जी, प्रहलाद चा और प्रधान जी के किरदार ने सभी को अपना दीवाना बना लिया। अब इसकी पॉपुलैरिटी की वजह से इसका चौथा सीजन कुछ दिनों में सबके बीच आने वाला है। हालांकि, एक और वेब सीरीज है, जिसकी कहानी ने सबका मन मोह लिया। इस सीरीज को 14 अवॉर्ड्स और 33 नामांकन भी मिल चुके हैं। इस वेब सीरीज का नाम है 'महारानी', जिसके अभी तक तीन सीजन सोनी लिव पर आ चुके हैं। इसमें बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने मुख्य भूमिका निभाई है। इसकी कहानी बिहार की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें अभनेत्री ने रानी भारती का किरदार निभाया है और उन्हें राजनीति के लिए संघर्ष करते देखा जाता है। उनके किरदार ने दर्शकों और समीक्षकों को इस कदर प्रभावित किया कि इस सीरीज को कई अवॉर्डों से भी सम्मानित किया जा चुका है। हुमा कुरैशी अभिनीत 'महारानी' वेब सीरीज के तीन सीजन रिलीज हो चुके हैं। आईएमडीबी के मुताबिक इस सीरीज को 14 अवॉर्ड्स और 33 नामांकन मिल चुके हैं। इसके लिए हुमा कुरैशी को आईटीए बेस्ट एक्ट्रेस (ड्रामा ओटीटी) का भी सम्मान मिल चुका है। वहीं, एक्ट्रेस को फिल्मफेयर क्रिटिक्स च्वाइस अवॉर्ड में भी बेस्ट एक्ट्रेस का खिताब मिला। इसके अलावा अभिनेत्री और उनकी सीरीज 'महारानी' को कई अवॉर्ड्स के साथ-साथ कई बार नामांकित भी किया जा चुका है।

## सिनेमा का एक इंस्टीट्यूट है 'पंचायत'

**नई दिल्ली।** लोगों का इंतजार खत्म हुआ और साल का सबसे मच अवेटेड शो 'पंचायत सीजन 4' अब रिलीज हो चुका है। प्राइम वीडियो ने रात 12 बजे ही पंचायत के चौथे सीजन को स्ट्रीम कर दिया। अधिकांश लोग चौथे सीजन को देखने के बाद इसकी तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने एक्स पर सीरीज का रिव्यू करते हुए शो में कलाकारों के अभिनय और कहानी की तारीफ की। साथ ही इस सीजन में जो लव स्टोरी एड की गई है, उसकी भी तारीफ हो रही है। हालांकि, यूजर ने शो के कुछ एक सीन को बोरिंग बताया है। एक यूजर ने तारीफ करते हुए लिखा, 'पंचायत सीजन 4 सिर्फ एक शो नहीं है, यह सिनेमा का एक इंस्टीट्यूट है। कहानी, स्क्रीनप्ले और इमोशन सब कुछ एकदम मास्टरक्लास है। यह आपको हंसाता है, रुलाता है, हर फ्रेम बोलता है। कुछ जीत खुशी नहीं लातीं, कुछ जीतें हार से ज्यादा दुख देती हैं। यह सच है, यही पंचायत है।'कई यूजर्स को चौथे सीजन में रिंकी और सचिव जी की आगे बढ़ती लव स्टोरी काफी पसंद आ रही है। फैंस इसकी तारीफ कर रहे हैं।




# वॉर 2 ने रिलीज से 51 दिन पहले बनाया रिकॉर्ड

**मुंबई।** ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर अपनी आने वाली फिल्म वॉर 2 से धमाका करने वाले हैं। हाल में फिल्म की पहली झलक सामने आई थी जिसे देखने के बाद फैंस फिल्म रिलीज के इंतजार में बैठे हैं। फिल्म में दो सुपरस्टार्स को एक साथ एक्शन करते देखना मजेदार होने वाला है। इस फिल्म को लेकर ऑडियंस में इतनी एक्साइटमेंट है कि मूवी टिकट बुकिंग प्लेटफार्म पर वॉर 2 को डेढ़ लाख से भी ज्यादा लाइक्स मिले हैं। मतलब इतने लोगों ने फिल्म रिलीज के 51 दिन पहले से फिल्म को देखने के लिए अपनी रुचि दिखाई है।

### दो बड़े स्टार एक साथ आएंगे नजर

ट्विटर पर एक फैन ने इस बात की जानकारी देते हुए लिखा, वॉर 2 पर डेढ़ लाख लोगों ने फिल्म देखने के लिए इंटरेस्ट दिखाया है। ये नतीजे फिल्म रिलीज के 51 दिन पहले के हैं। ये फिल्म थिएटर पर धमाका करने वाली है। वॉर 2 को लेकर ऑडियंस में उत्साह है। इस फिल्म में पहली बार दो इतने बड़े सुपरस्टार एक साथ नजर आएंगे। दोनों के बीच जबरदस्त एक्शन दिखने को मिलने वाला है। इसके अलावा एक डांस सीक्वेंस भी शूट किया गया है।



### बजट और फीस

फिल्म के बजट की बात करें इस फिल्म को 200 करोड़ में बनाया गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक जूनियर एनटीआर ने अपनी फीस घटा कर सिर्फ 30 करोड़ में काम किया है। वहीं, सुपरस्टार ऋतिक रोशन ने 48 करोड़ की मोटी रकम ली है। कियारा अडवानी ने ये फिल्म 15 करोड़ में की है। फिल्म के डायरेक्टर अयान मुखर्जी ने 32 करोड़ लिए हैं। ये फिल्म 14 अगस्त को रिलीज हो रही है।

# सोनम ने 12 इंच लंबे बालों का किया दान



*मुंबई। अभिनेत्री सोनम कपूर अक्सर सोशल मीडिया पर किसी ना किसी वजह से चर्चा में रहती हैं। इस बार एक्ट्रेस ने अपने बालों को कटवाया है और एक अनोखा कदम उठाते हुए उन बालों को दान किया, जिस कारण से नेटिजंस उनका बहुत मजाक उड़ा रहे हैं। इसके साथ ही आपको बताते चलें कि अभिनेत्री ने अपने लंबे बालों के लिए पिता अनिल कपूर का शुक्रिया अदा किया है। सोनम कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्हें सैलून में अपने बालों को छोटा करवाते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में उन्हें मुस्कुराते हुए देखा जा रहा है। इस पोस्ट को शेयर करते अभिनेत्री ने बताया, 'मैंने अपने 12 इंच बाल कटवाए हैं। शायद वीडियो में यह छोटा लगे, लेकिन यह सच में एक फुट लंबा है।' इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, मैंने अपने बालों को 12 इंच छोटा करवाने और दान करने का निर्णय लिया है। इतने खूबसूरत जींस के लिए धन्यवाद अनिल कपूर। इस वीडियो के सामने आते ही नेटिजंस अभिनेत्री का खूब मजाक उड़ा रहे हैं। एक यूजर एक्ट्रेस का मजाक बनाते हुए कहते हैं, 'इतना बड़ा बलिदान, आप इतने सारे बाल कैसे दान कर सकती हैं। आप पहचान में नहीं आ रही हैं, यह कब वापस उगेंगे। हे भगवान इन बालों से पूरे गांव के लिए विग बनाई जा सकती है।' एक और यूजर ने उन पर कटाक्ष करते हुए बोला, 'लग रहा है जैसे उन्होंने अपने बेकार बालों को काट दिए और उन डैमेज बालों को दान में दे दिया । वाह क्या सोच है।' इसके अलावा एक अन्य यूजर ने कमेंट सेक्शन में गुस्से में लिखा कि ये 12 इंच नहीं, बल्कि छह इंच है। कुछ और यूजर्स ने अभिनेत्री के इस फैसले पर व्यंग्य किया है।*

## दो अलग-अलग धुरी पर खड़े लोगों के बीच हो जाती है मोहब्बत

# मेट्रो इन दिनों से लेकर बागबान तक में दिखा उम्रदराज जोड़े का प्यार

*नई दिल्ली। 'ना उम्र की सीमा हो, ना जन्म का हो बंधन, जब प्यार करे कोई तो देखे केवल मन'यह बॉलीवुड सॉन्ग प्यार के सच्चे अहसास को बयां करता है। बॉलीवुड में कई ऐसी फिल्में बनी हैं, जिनमें दो अलग-अलग धुरी पर खड़े लोगों के बीच मोहब्बत हो जाती है। यहां तक की उम्रदराज जोड़ियों की मोहब्बत पर भी बॉलीवुड में कई फिल्में बनी हैं। जल्द ही 'मेट्रो इन दिनों'में भी अनुपम खेर और नीना गुप्ता के किरदारों के बीच ऐसा ही रोमांस देखने को मिलेगा। इससे पहले भी कई फिल्मों में उम्रदराज जोड़ों के प्यार की कहानी को बड़ी खूबसूरती से बयां किया गया है।*



**लाइफ इन ए मेट्रो :** साल 2007 में फिल्म 'लाइफ इन ए मेट्रो' रिलीज हुई, फिल्म को अनुराग बसु ने ही निर्देशित किया था। फिल्म में अलग-अलग उम्र के लोगों की लव स्टोरीज दिखाई गई, इन्हीं में से एक लव स्टोरी धर्मेंद्र और नफीसा अली द्वारा निभाए गए किरदारों की थी। फिल्म में कई साल बाद एक जोड़ा मिलता है, अपने पुराने प्यार को अंजाम तक लेकर जाने की कोशिश करता था। इस फिल्म में धर्मेंद्र और नफीसा पर एक किसिंग सीन भी फिल्माया गया था।

**चीनी कम :** अमिताभ बच्चन और तब्बू की जोड़ी फिल्म 'चीनी कम (2007)' में नजर आई। आर बाल्की निर्देशित इस फिल्म में अमिताभ और तब्बू के किरदारों के बीच मैच्योर किस्म का प्यार देखना फैंस के लिए नया एक्सपीरियंस था।





**बागबान :** फिल्म 'बागबान (2003)' एक फैमिली ड्रामा फिल्म थी, मगर पति-पत्नी के रोल में नजर आए अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी का प्यार ही फिल्म की कहानी का केंद्र था। उम्रदराज जोड़ा जब किन्हीं वजहों से एक-दूसरे से दूर हो जाता है तो इनका दर्द दर्शकों से भी नहीं देखा जाता है। आखिर में दोनों मिलते हैं और फिल्म हैप्पी एंडिंग पर खत्म होती है।



**बधाई हो :** फिल्म 'बधाई हो (2018)' में आयुष्मान खुराना के माता-पिता के रोल में नीना गुप्ता और गजराज राव नजर आए। इस जोड़े के बीच भी रोमांस दिखाया गया। फिल्म की कहानी इनके रोमांस और वर्षों बाद होने वाले बच्चे पर थी। यह सिचुएशन फिल्म में कॉमेडी की वजह भी बनती है, लेकिन आखिरी में फिल्म दर्शकों को इमोशनल कर जाती है। इस फिल्म के डायरेक्टर अमित रविंद्रनाथ शर्मा थे।

***इन फिल्मों में भी दिखा मैच्योर लव :*** *रोहित शेट्टी निर्देशित गोलमाल 3 (2010) में भी रतना पाठक और मिथुन चक्रवर्ती के बीच एक मैच्योर लव स्टोरी देखने को मिली। साल 2005 में 'प्यार में ट्विस्ट' नाम की एक फिल्म रिलीज हुई, इसमें ऋषि कपूर और डिंपल कपाड़िया के किरदारों के बीच रोमांस दिखाया गया था। फिल्म को हृदय शेट्टी ने निर्देशित किया था।*

## खबर संक्षेप

### भरतपुरी में सीवर ओवरफ्लो से हालात बिगड़े, लोग दु:खी

**सोनीपत।** भरतपुरी क्षेत्र में सिग्नस हॉस्पिटल के पास पिछले 15 दिनों से सीवर लाइन जाम होने के कारण सड़क पर गंदा पानी इकट्ठा हो गया है। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि यह पानी अब घरों की ओर बढ़ने लगा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जल निकासी के लिए लगाई गई मोटर खराब है, जिसकी वजह से पानी की निकासी संभव नहीं हो पा रही है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। गंदे पानी के कारण न केवल आने-जाने में दिक्कत हो रही है, बल्कि बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। दुकानदारों और निवासियों ने बताया कि समस्या को लेकर कई बार निगम व संबंधित विभागों को शिकायत की जा चुकी है।

### शहीद सैनिकों के परिजन सम्मानित किए

**खरखौदा।** वर्ष 1962 युद्ध के रेजांगला पराक्रम यात्रा कैप्टन राम चन्द्र के नेतृत्व में आयोजक शहीद सेवा दल फाउंडेशन द्वारा रेजांगला पराक्रम यात्रा शहर की भरत सिंह वाटिका में पहुंची। यात्रा में शामिल सदस्यों के खाने पीने व रहने की व्यवस्था विधायक पवन खरखौदा द्वारा की। यात्रा 17 जून को जोधपुर से शुरू हुई थी। उद्देश्य 1962 में शहीद जवानों को रेजांगला में सम्मान देना है। वर्णित यात्रा उत्तरप्रदेश में मेरठ, गाजियाबाद, बुलंदशहर मथुरा, आगरा, इटावा, मैनपुरी, कन्नौज, एटा, उन्नाव, फतेहपुर, प्रयागराज ,बनारस ,गाजीपुर, सुल्तानपुर, अयोध्या हरदोई फर्रुखाबाद बदायूं, रानीखेत, उत्तराखंड, हरिद्वार, गुरदासपुर, रेजांगला लद्दाख होते 2 अगस्त को नेशनल वॉर मेमोरियल नई दिल्ली में सम्पन्न होगी।

### ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए अमित का चयन

**खरखौदा।** गांव मटिंडू से संबंध रखने वाले पैरा ताइक्वांडो खिलाड़ी अमित कुमार का चयन 10 वीं एशियाई पैरा ताइक्वांडो चैम्पियनशिप के लिए भारतीय टीम में हुआ है। यह प्रतियोगिता मलेशिया में आयोजित की जानी है। भारतीय पैरा ताइक्वांडो टीम का चयन 21-22 जून को लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, जालंधर में आयोजित सिलेक्शन ट्रायल्स के माध्यम से किया गया। अमित कुमार ने के - 44 कैटेगरी के ओवर + 80 किलोग्राम भार वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए टीम में अपनी जगह सुनिश्चित की।

# एसीबी ने बढ़ाया जांच का दायरा, आरोपित के खाते में मिली 76 लाख की संदिग्ध लेनदेन

## *एसीबी ने आरोपित को साढ़े तीन लाख की रिश्वत सहित किया था गिरफ्तार, घर से मिली थी लाखों रुपये की राशि*

- आरोपित कर्मी ने अन्य कर्मचारियों के खाते के जरिए की है लेनदेन प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

एसीबी द्वारा साढ़े तीन लाख रुपये की रिश्वत सहित गिरफ्तार मामले में जांच का दायरा बढ़ाया है। दायरे में आरोपित के बैंक खाते में 76 लाख रुपये की राशि का संदिग्ध लेनदेन मिला है। आरोपित ने उक्त लेनदेन को उपायुक्त कार्यालय में तैनात कर्मचारियों के जरिए किया है। खुलासा हुआ है कि आरोपित ने उक्त लेनदेन संदिग्ध रूप से किया है। दो दिन की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद एसीबी ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। मामले को लेकर आगामी सुनवाई पांच जुलाई को होगी। एसीबी संदिग्ध लेनदेन में शामिल कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है। बता दें कि लिपिक जितेंद्र कुमार ने एसीबी को शिकायत देकर बताया था कि उपायुक्त का सहायक शशांक शर्मा उसे राई तहसील में रजिस्ट्री क्लर्क के पद पर लगवाने के नाम पर पांच लाख रुपये मांग रहा है। इसमें से डेढ़ लाख रुपये की राशि वह उससे ले चुका है। एसीबी ने जाल बिछाकर आरोपित को साढ़े तीन लाख रुपये की राशि सहित काबू कर लिया था। उसके बाद उसके घर से लाखों रुपये की अवैध रूप से रखी राशि बरामद कर कब्जे में लिया था। एसीबी ने जांच का दायरा बढ़ाया तो करीब 76 लाख रुपये का लेनदेन आरोपित के खाते में मिला है। एसीबी ने खाता खंगाला तो मिला संदिग्ध लेनदेनः मिली जानकारी के अनुसार आरोपित ने कुछ दिन पहले ही बीस हजार रुपये की राशि उपायुक्त कार्यालय में तैनात सहायक हरीश कुमार से ली। उसके बाद ऑपरेटर अनूप सिंह से 2,19,330 रुपये, चालक प्रवीन कुमार से 6 जून को 10 हजार रुपये, डीआइटीएस आपरेटर अखिल से 1.30 हजार रुपये यूपीआइ के जरिए ट्रांसफर करवाए गए। डीआइटीएस ऑपरेटर दीपांशु से 2.75 हजार रुपये फोन पे कराए गए। इनमें से अनूप सिंह और दीपांशु के ट्रांजेक्शन लगातार कई महीनों तक चलते रहे और एक-एक बार में 50 हजार और 1 लाख तक की रकम ट्रांसफर की गई। जांच में पता चला है कि आरोपी शशांक ने अपने निजी संपर्कों से भी कई बार मोटी रकम प्राप्त की। आशीष धीमान से 4.30 हजार रुपये, आशीष के छोटे भाई मोहित धीमान से 50 हजार रुपये, विनय से 26 अक्टूबर, 2024 को 55 हजार रुपये ट्रांसफर करवाएं गए है।

### खातों में ट्रांसफर करवाई राशि

एसीबी की जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपित ने सरकारी व निजी व्यक्तियों से अपने खाते में जो लाखों रुपये का लेनदेन किया है। वह लगभग ऑनलाइन तरीके से किया है। आरोपित नाजिर शाखा, डीसी कार्यालय में कार्यरत सहायक हरीश कुमार, डीआइटीएस से जुड़े ऑपरेटर अनूप सिंह, अखिल, दीपांशु और चालक प्रवीण कुमार से समय-समय पर पैसे लेता रहा। आशंका है कि ये लेनदेन ट्रांसफर रोकने, अच्छी पोस्टिंग दिलवाने और अन्य निजी कामों के एवज किया गया है। एसीबी मामले को लेकर गंभीरता से जांच कर रही है। मामले में अन्य कर्मचारियों से लेकर उच्च अधिकारियों की मिलीभगत सामने आने की आशंका जताई जा रही है।

### लाखों की राशि व आभूषण जांच के दायरे में शामिल

एसीबी ने आरोपित शशांक को साढ़े तीन लाख रुपये की राशि सहित काबू करने के बाद उसे उसके मकान अशोक विहार गली नंबर-6 स्थित घर पर लेकर पहुंची। जहां टीम ने आभूषण और 5.75 लाख रुपये बरामद किए। सभी ट्रांजेक्शन की बैंकिंग लेवल और ऐप लेवल पर फोरेंसिक जांच करवा रही है। मोबाइल फोन से मिले डेटा और बयान के आधार पर संबंधित कर्मचारियों और प्राइवेट व्यक्तियों को जल्द ही पूछताछ के लिए तलब किया जाएगा।

## आरटीई के तहत दाखिला प्रक्रिया को लेकर शिक्षा विभाग ने नियमों में किया बदलाव

# 61 हजार 49 मेधावी मुफ्त में लेंगे शिक्षा एक किमी के दायरे में चुनना होगा स्कूल

## *निजी स्कूलों की 25 प्रतिशत सीटों पर जरूरतमंदों को मिलेगा एडमिशन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

आर्थिक व सामाजिक रूप से पिछड़े वर्ग के बच्चों को निजी स्कूलों में मुफ्त शिक्षा दिलवाने के लिये शुरू किया गया शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम 2009 के तहत इस बार महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। अब पात्र विद्यार्थी उन्हीं विद्यालयों का चुनाव कर सकता है, जोकि उसके निवास के 1 किलोमीटर के दायरे में हो। इससे पहले अभिभावक अपनी पसंद से दूर-दराज के स्कूल चुनते थे, जिससे असमानता बढ़ रही थी।

बता दें कि आरटीई के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। जिसके तहत जिले के 577 निजी मान्यता प्राप्त स्कूलों में आरटीई के तहत 61049 सीटें आरक्षित की गई हैं, जिनमें से केवल सोनीपत खंड में 3638 सीटें निर्धारित की गई हैं। शिक्षा विभाग के अनुसार, इन स्कूलों को प्रवेश कक्षा में 25 प्रतिशत सीटें गरीब व जरूरतमंद वर्ग के बच्चों के लिए आरक्षित रखनी होंगी। कक्षा नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी और पहली कक्षा में बीपीएल, अनाथ, विशेष आवश्यकता वाले, एचआईवी संक्रमित, और युद्ध वीरांगना आश्रित बच्चों को प्राथमिकता मिलेगी। शिक्षा के अधिकार के तहत दाखिले को लेकर शिक्षा विभाग ने आयु सीमा से लेकर दस्तावेजों तक दिशा निर्देश भी जारी किए हैं।



जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का फाइल फोटो।

### आवेदन सूची जल्द जारी होगी

आवेदन पोर्टल सोमवार रात तक खुला रहा। अब एक-दो दिन में आवेदन करने वाले बच्चों की सूची तैयार की जाएगी और 25 जून को स्कूल आवंटन की प्रक्रिया पूरी होगी। *सूरजभान, खंड शिक्षा अधिकारी, सोनीपत।*

### नर्सरी में सबसे अधिक सीटें खाली

जिले भर में स्कूलों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार नर्सरी कक्षा के लिये सबसे अधिक सीटें खाली बताई गई हैं। कुल सीटों में से तकरीबन आधी सीटें तो नर्सरी कक्षा की ही खाली हैं। सोनीपत खंड की बात करें तो यहां पर कुल 3638 सीटें खाली हैं। जिसमें से नर्सरी में 1921 सीटें, एलकेजी में मात्र 22 सीटें, यूकेजी में 95 सीटें तो प्रथम कक्षा के लिये 1600 सीटें खाली हैं।

## आईटीआई में दाखिले के लिए आवेदन 27 तक : प्रधानाचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खरखौदा में चल रहे विभिन्न व्यवसायों में सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए 27 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आईटीआई खरखौदा के प्रधानाचार्य संदीप अहलावत ने जानकारी देते हुए बताया कि आईटीआई खरखौदा में विभिन्न व्यवसायों में पर आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि 3 जुलाई को प्रथम राउंड की काउंसलिंग होगी और 3 से 5 व 7 जुलाई को दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद 3 से 8 जुलाई को फीस जमा होगी और सीट आवंटन होगी। 9 जुलाई को दूसरे राउंड के रिक्त स्थान पोर्टल पर डिस्पले होंगे। 9 व 10 जुलाई को विकल्पों में संशोधन के लिए पोर्टल खोला जाएगा। इसके पश्चात 11 जुलाई को दूसरे राउंड की मेरिट सीट आवंटित की जाएंगी। इसके बाद 11 व 12 तथा 14 जुलाई को दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। 11 से 15 जुलाई तक फीस जमा होगी। उन्होंने बताया कि तीसरे राउंड के दौरान 16 जुलाई को रिक्त स्थान पोर्टल पर डिस्पले होंगे। 16 व 19 जुलाई तक विकल्पों में संशोधन के लिए पोर्टल खोला जाएगा इसके पश्चात 22 जुलाई को तीसरे राउंड की मेरिट सीट आवंटित की जाएंगी। इसके बाद 22 से 26 जुलाई को दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। 22 से 27 जुलाई तक फीस जमा होगी।

**किस व्यवसाय में कितने सीटें:** एसएसए अग्रेजी सीट- 24, ड्रैस मैकिंग -20, प्लम्बर - 24, फिटर - 20, इलैक्ट्रोनिक्स मैकेनिक -24, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनर-24,ड्राफ्टमैन मैकेनिक-20 ड्राफ्टमैन सिविल -24,पेंटर जनरल-20,वेल्डर -40, कारपेंटर -24, कार पेंटर 24, डीजल मैकेनिक -48, कम्प्यूटर आपरेटर - 48,वायरमैन -20, पेंटर -20 ड्राफ्ट मैकेनिक - 20, बेल्डर -40,24।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथि एवं परिषद के पदाधिकारी।

## विश्व हिंदू परिषद ने धूमधाम से स्थापना दिवस मनाया

- संगठन द्वारा चलाए जा रहे सभी आयामों का विस्तार वर्णन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अंतरराष्ट्री हिंदू परिषद ने मंगलवार को भरतपुरी स्थित दुर्गा मंदिर में अपना आठवां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर राष्ट्रीय छात्र परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा ज्योत प्रज्वलित करके किया गया। इसके पश्चात सुंदरकांड का सामूहिक संगीतमय गायन किया गया। श्री रामचरितमानस के सुंदरकांड में विशेष रूप से भगवान राम के अनन्य भक्त श्री हनुमान जी का वर्णन आता है, उपस्थित सभी भक्तजनों ने उनकी महिमा का भावपूर्ण गायन किया।

मुकेश कुमार ने संगठन द्वारा चलाए जा रहे सभी आयामों का विस्तार पूर्वक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि हमारे संगठन का नारा है हिंदू ही आगे, इसी को लेकर हम समृद्ध हिंदू, सक्षम हिंदू, सुरक्षित हिंदू के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने सभी से कहा कि वह संगठन द्वारा चलाये जा रहे हनुमान चालीसा केन्द्रों के माध्यम से संगठन से जोड़कर संगठन द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं को क्रियान्वित करें। कार्यक्रम के समापन में श्री हनुमान जी की भव्य आरती की गई व सभी को प्रसाद वितरित किया गया। संगठन के जिला अध्यक्ष मेधावी रंजन शर्मा ने बताया कि 7 वर्ष की पूर्ण यात्रा में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद देश के अंदर 500 जिलों में और प्रत्येक राज्य में संगठन की इकाई के द्वारा काम कर रहा है। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद इन 7 वर्षों के अंदर डॉ. प्रवीण तोगड़िया के नेतृत्व में देश ही नहीं विदेशों में भी पहुंच गया है। इस अवसर पर त्रिलोक चंद्र मल्होत्रा, शुभम शास्त्री, विनोद कुमार, अजय गहलावत, नरेंद्र कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।

# हड़ताल में कर्मचारी भरेंगे हुंकार

- हड़ताल को लेकर ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना


**गोहाना।** हड़ताल की तैयारी को लेकर विचारविमर्श करते बिजली कर्मचारी।

ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन की बैठक मंगलवार को गोहाना में महम मार्ग स्थित 132 केवी पावर हाउस के प्रांगण में आयोजित हुई। यह बैठक 9 जुलाई को कर्मचारियों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारियों को लेकर आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता यूनिट प्रधान नितेश शर्मा ने की व संचालन सिटी सब यूनिट के सचिव जितेंद्र शर्मा ने किया। सर्व कर्मचारी संघ गोहाना इकाई के सचिव व राज्य कार्यकारिणी सदस्य सुरेश यादव ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल राष्ट्रीय को-ऑर्डिनेशन कमेटी व ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट एम्पलाइज फेडरेशन के आह्वान पर होगी। इसमें देशभर से लाखों की तादाद में सीटू से संबंधित सभी मजदूर संगठन, कच्चे व पक्के कर्मचारी हैं बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। हड़ताल का मुख्य उद्देश्य निजीकरण पर रोक लगाने, पुरानी पेंशन बहाल करवाने, कच्चे कर्मचारियों को पॉलिसी बनाकर पक्का करने, एक्सग्रेशिया पॉलिसी को लागू करवाने, बिजली कर्मचारियों को 5 हजार रुपये महीना जोखिम भत्ता देने, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार कच्चे कर्मचारियों को समान काम के बदले समान वेतन देने सहित अन्य मार्गों को पूरा करवाना है।


रानी दुर्गावती के चित्र पर पुष्प अर्पित करते महिला व पुरुष। फोटो : हरिभूमि

### रानी दुर्गावती को दी श्रद्धांजलि

**गोहाना।** मंगलवार को शहर में पुराना बस अड्डा स्थित सत नगर में रानी दुर्गावती के 461वें बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में महिला व पुरुषों ने रानी दुर्गावती के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया। श्रद्धांजलि समारोह की अध्यक्षता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने की। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया की पत्नी सेवानिवृत्त उप प्राचार्या सुषमा सेतिया ने कहा रानी दुर्गावती अपनी वीरता, साहस और मुगलों के खिलाफ अपने राज्य की रक्षा के लिए प्रसिद्ध हुई। वे गोंडवाना रियासत की एक महान शक्तिशाली शासक थी। 16वीं शताब्दी में रानी दुर्गावती ने अपने राज्य में न्याय प्रणाली, कृषि, व्यापार और शिक्षा को बढ़ावा दिया। रानी ने मुगल बादशाह अकबर की सेना से वीरता पूर्वक लड़ाई लड़ी। 24 जून 1564 को दुश्मनों के हाथों पकड़े जाने की बजाय उन्होंने अपना ही खंजर अपने सीने में घोंप लिया आजाद सिंह दांगी ने कहा कि रानी दुर्गावती एक महान योद्धा और कुशल रणनीतिकार थी उन्होंने अपने राज्य की स्वतंत्रता और अस्मिता के लिए युद्ध भूमि को चुना था।

# गांव राजपुर में बीपीएल परिवारों ने उठाई रजिस्ट्री और बुनियादी सुविधाओं की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


**सोनीपत।** बीडीपीओ कार्यालय के बाहर एकत्रित राजपुर गांव के ग्रामीण।

राजपुर गांव के बीपीएल परिवारों ने सोमवार को जिला पार्षद संजय बड़वासनिया के नेतृत्व में बीडीपीओ अंकुर से मुलाकात कर लंबे समय से लंबित पड़े 100-100 गज के प्लॉट की रजिस्ट्री और कब्जा दिलवाने की मांग की। बीडीपीओ अंकुर ने सोमवार तक रजिस्ट्री प्रक्रिया पूरी करवाने का आश्वासन दिया। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने बताया कि बीपीएल परिवार कई वर्षों से प्लॉट कब्जा व रजिस्ट्री के लिए कार्यालयों के चक्कर काट रहे थे। प्रशासन की ओर से पहली बार किसी अधिकारी ने संवेदनशीलता दिखाई है। उन्होंने मांग की कि अब प्रशासन जल्द से जल्द इन परिवारों को उनके प्लॉट पर कब्जा भी दिलवाए। बड़वासनिया ने बताया कि वर्ष 2007 में कॉलोनियों को शहरी तर्ज पर विकसित करने की घोषणा की गई थी। उस समय गलियां, सीवर, पानी, बिजली व पार्क जैसी सुविधाएं देने का वादा किया गया था, लेकिन 18 वर्षों में महज 5% काम हुआ है। अधिकांश गांवों में अभी तक पक्की गलियां नहीं बनीं, न सीवर लाइन डाली गई और न ही बिजली-पानी की पुख्ता व्यवस्था है।


**सोनीपत।** प्रशिक्षण शिविर के दौरान प्रतिभागी। *फोटो :हरिभूमि*

### अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**सोनीपत।** राजकीय वमावि गढ़ी ब्राह्मणान में चल रहे एफएलएन प्राथमिक शिक्षकों के अंतर जिला तृतीय चरण के प्रशिक्षण कैंप के दूसरे दिन खंड शिक्षा अधिकारी सोनीपत सूरजभान एवं नोडल अधिकारी अतुल कुमार द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में चल रही गतिविधियों का निरीक्षण किया। गढ़ी ब्राह्मण में तीन अंतर जिला शिक्षकों के तथा एक खंड सोनीपत के शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है। एफएलएन खंड समन्वयक अंजू बाला ने बताया कि प्रशिक्षण का यह अंतिम चरण है, इसलिए ब्लॉक सोनीपत के बाकी बचे हुए शिक्षकों का प्रशिक्षण गढ़ी ब्राह्मण विद्यालय में कराया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्य प्रशिक्षक मोनिका दहिया, मनोज कुंडू, संजीव, अनिल,मंजू, परमजीत, सुनीता, ममता, मनोज, संगीता ने सभी शिक्षकों को मौखिक भाषा विकास, डिकोडिंग,पठन,भाषा शिक्षण के चार मॉडल से अवगत कराया।

## जिला स्तरीय कार्यशाला में पहुंचें स्वच्छ भारत मिशन के वाइस चेयरमैन

# स्वच्छता अभियान से लोगों को जोड़ें, अधिकारी : सुभाष चंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


अधिकारियों की बैठक लेते वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र साथ में मेयर एवं अन्य।

स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र की अध्यक्षता में जिला परिषद के मीटिंग हॉल में जिला स्तरीय स्वच्छता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी खंड विकास अधिकारियों व पंचायत सचिवों ने कार्यशाला में भाग लिया। कार्यशाला में जिला को स्वच्छ रखने बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे स्वच्छता अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें तथा वार्ड व गांव स्तर पर कमेटियां बनाएं, जिनमें स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों, एनएसएस, एनजीओ, धार्मिक संतों, भूतपूर्व सैनिकों, खिलाड़ियों, कलाकारों व जनप्रतिनिधियों को शामिल करें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में स्वच्छता व स्वच्छ जल की मुहिम शुरू करें। कार्यशाला में वाइस चेयरमैन ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के एक आह्वान पर सभी देशवासियों ने वर्ष 2014 से देश को स्वच्छ बनाने का बीड़ा उठाया। प्रत्येक जिले में कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा अब तक 08 जिलों में कार्यशाला आयोजित की जा चुकी है। परिणामस्वरूप हरियाणा प्रदेश ने दो बार देश में स्वच्छता के नंबर-वन पायदान पर अपनी मौजूदगी दर्ज करवाई है। इसके अलावा, हरियाणा प्रदेश खुले में शौचमुक्त प्रदेश भी बना है। उन्होंने कहा कि जहां पर स्वच्छता होती है, वहां पर प्रगति आती है क्योंकि स्वच्छता प्रगति व विकास का प्रतीक है, जबकि गंदगी दरिद्रता, आलस्य व बीमारी लाती है। उन्होंने कहा कि डीएमसी एवं सीईओ जिला परिषद की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन हर महीने होगा। जिसमें सफाई कर्मचारियों की कार्यशाला होगी। जिसमें काम के प्रति प्रोत्साहन स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान मेयर राजीव जैन, सीईओ जिला परिषद अभय जांगड़ा, डीडीपीओ जितेंद्र कुमार, नगर निगम जॉइंट कमिश्नर मीतू धनखड़, जिला परिषद डिप्टी सीईओ ललिता वर्मा, डॉ. श्यो प्रसाद जिला कोऑर्डिनेटर हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड, सभी ब्लॉक से खंड विकास अधिकारी व पंचायत सचिव और सामाजिक सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### मिशन को सामाजिक मिशन बनाने की जरूरत

कार्यक्रम के उपरांत वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने साहित्य व शिक्षा के क्षेत्र में पदमश्री अवार्ड से सम्मानित डॉ. संतराम देशवाल से रेस्टहाउस में मुलाकात की। इस दौरान डॉ. संतराम देशवाल ने कहा कि स्वस्थ भारत मिशन को एक सामाजिक मिशन बनाना पड़ेगा। जिसमें समाज के प्रत्येक वर्ग की भूमिका होगी। क्योंकि जमीनी स्तर पर इस मिशन में समाज का प्रत्येक वर्ग भूमिका का निर्वाह करके इस मिशन को सफल बना सकता है। क्योंकि इस मिशन को सफल बनाने के लिए प्रशासन को समाज के प्रत्येक वर्ग की आवश्यकता है। जिससे स्वस्थ भारत मिशन को सफल बनाया जा सकता है।

## सोनीपत में हर रोज करीब 70 से 100 मरीज जानवरों के काटने पर पहुंचते हैं अस्पताल

# नागरिक अस्पताल में रेबीज का इंजेक्शन खत्म, हो रही परेशानी

*मरीज नरेला दिल्ली के राजा हरिश्चंद्र अस्पताल व महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर में जाने को मजबूर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले के नागरिक अस्पताल के इंजेक्शन रूम में रेबीज का इंजेक्शन मंगलवार को खत्म हो गए। इंजेक्शन खत्म होने के चलते मंगलवार को काफी संख्या में मरीजों को नरेला दिल्ली राजा हरिश्चंद्र अस्पताल व महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर में जाने पर मजबूर होना पड़ा। प्रबंधन की तरफ से जल्द इंजेक्शन मुहैया करवाने का आश्वासन दिया जा रहा है। प्रबंधन की तरफ से इंजेक्शन रूम में सुबह 11 बजे के बाद पांच वायल मुहैया करवाई गई, लेकिन कई मरीजों को वापस लौटने पर मजबूर होना पड़ा।

बता दें कि नागरिक अस्पताल सोनीपत में हर रोज करीब 70 से 100 तक मरीज कुत्ता, बिल्ली, बंदर, चूहा व अन्य जानवर के काटने के पहुंचते है। रेबीज बीमारी से बचने के लिए मरीज के लिए इंजेक्शन की डोज चिकित्सक राय के अनुसार लगवानी होती है। अस्पताल में मंगलवार को रेबीज इंजेक्शन खत्म हो गए। जिसके चलते ओपीडी में आने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। गरीब तबके के लोगों को नरेला राजा हरिश्चंद्र अस्पताल व महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर में जाने पर मजबूर होना पड़ा। मरीजों की नाराजगी देखते हुए प्रबंधन की तरफ से आपातकालीन कक्ष से पांच वायल मुहैया करवाई गई। मामले को लेकर प्रबंधन ने जल्द से जल्द इंजेक्शन उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया है।



सोनीतप। इंजेक्शन रूम व जानकारी देते हुए पीड़ित। फोटो : हरिभूमि

### जल्द से जल्द होगी समस्या दूर

रेबीज का इंजेक्शन खत्म हो गए है। समय रहते इस संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है। आपातकालीन कक्ष से वायल लेकर मरीजों को इंजेक्शन लगाए गए है। जल्द से जल्द रेबीज इंजेक्शन मंगवाकर मरीजों की समस्या को दूर करने का काम किया जायेगा। प्रबंधन की तरफ से इंजेक्शन मंगवाने की प्रक्रिया अमल में लाई जा रही है।
-डा. गिन्नी लांबा, कार्यकारी प्रधान चिकित्सक अधिकारी नागरिक अस्पताल।

### निजी स्टोर से खरीदनी पड़ी डोज

मंगलवार को नागरिक अस्पताल में दूर-दराज से लोग रेबीज का इंजेक्शन लगवाने के लिए पहुंची। बड़ा बाजार निवासी सरला ने बताया कि वह उसकी तीसरी डोज लगनी है, लेकिन इंजेक्शन नहीं है। ऐसे में उसे खानपुर या नरेला जाने की बात कही जा रही है। अस्पताल में पहुंचे ऋषि कॉलोनी निवासी राजा ने बताया कि आज उसे इंजेक्शन लगना था, लेकिन जानकारी मिली कि इंजेक्शन खत्म हो चुका है। डोज का पूर्ण कोर्स करने के लिए मजबूरी में उसे बाहर से इंजेक्शन खरीना पड़ेगा या उसे खानपुर व नरेला जाना पड़ेगा।

### प्रिंटर भी खराब, गर्भवती महिलाएं हुई परेशान

**सोनीपत।** नागरिक अस्पताल में मंगलवार को एक बार फिर से तकनीकी खामी के चलते प्रिंटर मशीन खराब हो गई, जिससे गर्भवती महिलाओं और बच्चों के अभिभावकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। अस्पताल के 18 नंबर कक्ष में पंजीकरण काउंटर पर प्रिंटर मशीन खराब होने से रजिस्ट्रेशन काउंटर नंबर-3 पर गर्भवती महिलाओं को लंबी कतार में खड़े होकर पर्ची बनवानी पड़ी। लाइन में उन्हें काफी देर तक इंतजार करने को मजबूर होना पड़ा। प्रबंधन की तरफ से जल्द से जल्द प्रिंटर ठीक करवाने की बात कही जा रही है। बता दें कि नागरिक अस्पताल में हर रोज करीब दो सौ से ढाई सौ गर्भवती महिलाएं चिकित्सक से अपने स्वास्थ्य की जांच करवाने के लिए पहुंचती है। वहीं छोटे बच्चों का काउंटर की अंदर ओपीडी में बना रखा है। जिनकी संख्या आजकल तीन सौ के करीब होती है। ऐसे में काउंटर कर रखा प्रिंटर खराब हो गया।


**सोनीपत।** प्रिंटर खराब होने के चलते खाली पड़ा काउंटर।

#### मरीजों की परेशानी और मांग

नागरिक अस्पताल में इलाज के लिए मरीजों की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। समस्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। मरीजों को जरूरी इलाज से पहले घंटों इंतजार करना पड़ता है। गर्भवती महिलाओं को बैठने की भी ठीक से व्यवस्था नहीं होती। पंजीकरण काउंटर का प्रिंटर महीने में तीन से चार बार खराब हो जाता है, लेकिन अस्पताल प्रबंधन इस पर गंभीरता से ध्यान नहीं दे रहा। मरीजों ने मांग की है कि अस्पताल प्रशासन को इस समस्या से निपटने के लिए कोई पुख्ता कदम उठाना चाहिए, ताकि मरीजों को राहत मिल सके।

#### कुछ देर बाद प्रिंटर को बदला

गर्भवती महिलाओं व बच्चों के रजिस्ट्रेशन के लिए अलग से काउंटर बनाया हुआ है। जानकारी मिली कि मंगलवार को प्रिंटर में खराबी आने के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया रूक गई। प्रबंधन की तरफ से कुछ देर बाद ही प्रिंटर को बदलवा दिया। उसके बाद रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिए।
-डा. संदीप लठवाल, मीडिया नोडल अधिकारी।



**गन्नौर।** कार्यक्रम में प्रशिक्षक प्रधानाचार्य रितु बेदी व बाल भवन स्कूल के शिक्षक।

## बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**गन्नौर।** बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में स्कूलों में लिंग संवेदनशीलता विषय पर शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में रेड रोजेज पब्लिक स्कूल, गुरुग्राम की प्राचार्या रितु बेदी ने अपने 35 वर्षों के सीबीएसई अनुभव के साथ शिक्षकों को लिंग संवेदनशीलता के महत्व और इसके प्रभावी क्रियान्वयन के बारे में जानकारी दी। बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य जय भारत गुप्ता ने रितु बेदी का स्वागत किया। रितु बेदी ने लिंग संवेदनशीलता के महत्व पर प्रकाश डाला और शिक्षकों को इसे अपने शिक्षण में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया।



**गन्नौर।** ग्रीन बेल्ट में फैक्ट्री के आगे पार्क के सौंदर्य करण को लेकर कार्य करते मजदूर। फोटो : हरिभूमि

## औद्योगिक क्षेत्र के गोल चक्कर व दो कंपनियों की ग्रीन बेल्ट में सौंदर्यीकरण की ली जिम्मेदारी

**गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक का क्षेत्र के फेस वन में बने चौक के गोल चक्कर के सौंदर्यीकरण व दो फैक्ट्री के आगे ग्रीन बेल्ट के सौंदर्य करण की जैन एमएसएमई चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा जिम्मेदारी लेते हुए कार्य शुरू करवा दिया है। संस्था के पदाधिकारी संजय जैन, निखिल जैन और ओ पी जैन ने बताया कि जैन एमएसएमई चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा गोल चक्कर व ग्रीन बेल्ट के सौंदर्यीकरण की जिम्मेदारी ली है और सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देने के लिए काम शुरू करवा दिया गया है। उन्होंने बताया कि उन्होंने बड़ी औद्योगीक क्षेत्र कार्यालय में भी एक दो पार्क की अनुमति के लिए भी पत्र भेजा है। अनुमति मिलने के बाद उनके सौंदर्यीकरण का भी कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उनकी संस्था का कार्य पर्यावरण प्रदूषण को रोकते हुए क्षेत्र को हरा भरा बनाना है। इसके लिए उन्होंने पार्क में पौधारोपण करने का काम भी सर्वे करवा रखा है। संस्था द्वारा उठाए गए कदम की अन्य फैक्ट्री संचालकों ने सराहना की।

## पाकिस्तान की अभिनेत्री वाली फिल्म का करेंगे विरोध : सेठी

**सोनीपत।** शिवसेना हरियाणा का कहना है कि अभिनेता व निर्माता दिलजीत दोसांज द्वारा बनाई जा रही फिल्म में पाकिस्तानी अभिनेत्री हानिया आमिर को शामिल किया जाना भारतविरोधी मानसिकता का परिचायक है। शिवसेना हरियाणा के प्रदेश प्रमुख नीरज सेठी ने कड़े शब्दों में इस निर्णय की निंदा करते हुए कहा कि जो देश आए दिन हमारे सैनिकों पर गोलियां बरसाता है, हमारे जवान शहीद करता है, और आतंकवाद को बढ़ावा देता है। उस देश की किसी भी कलाकार को भारत में सम्मान देना देशभक्ति नहीं, देशद्रोह है। हम मां भारती का अपमान सहन नहीं करेंगे। सेठी ने कहा कि यदि इस फिल्म को हरियाणा में रिलीज करने की अनुमति दी जाती है, तो शिवसेना हरियाणा अपने संवैधानिक अधिकारों के तहत राज्यभर में इसका जोरदार विरोध करेगी।



# पाइपलाइन की सफाई को लेकर उठाई मांग

- बरसाती पानी की निकासी के लिए गांव रूखी से छिछड़ाना तक दबाई गई भूमिगत पाइपलाइन
- हौदियों पर ढक्कर लगाने की भी मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

खेतों में भरने वाले बरसाती पानी की निकासी के लिए गांव रूखी से गांव छिछड़ाना तक भूमिगत पाइपलाइन दबाई गई है। इस पाइपलाइन की हौदियों पर ढ़क्कन नहीं लगाए गए हैं। ग्रामीणों ने हौदियों पर ढक्कन लगाने के साथ-साथ पाइपलाइन की सफाई करवाने की भी मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार पाइपलाइन के पाइपों के ज्वाइंटों में से पानी के साथ मिट्टी अंदर जा रही है। गांव छिछड़ाना निवासी भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) गोहाना तहसील इकाई के चेयरमैन भगत सिंह और भाकियू कथूरा खंड के अध्यक्ष कृष्ण मलिक के अनुसार बरसात के दिनों में गांव रूखी और छिछड़ाना के झील वाले खेतों में पानी भरने से फसलें नष्ट हो जाती थी। खेतों में भरने वाले पानी की निकासी के लिए सरकार द्वारा गांव रूखी से गांव छिछड़ाना तक सडक़ के साथ करीब 4 किलोमीटर लंबी भूमिगत पाइपलाइन दबाई गई है। करीब सप्ताहभर पहले ही पाइपलाइन दबाने का काम पूरा हुआ है। भाकियू पदाधिकारियों ने बताया कि पाइपलाइन पर जगह-जगह हौदियां बनाई गई हैं। ढ़क्कन न लगाने से हौदियां ऊपर से खुली होने से इनमें पशुओं के गिरने का खतरा रहता है।


**गोहाना।** खुली हौदियों को दिखाते हुए पूर्व सरपंच संदीप व पाइपों में भरी हुई मिट्टी।

### डिस्ट्रीब्यूट्री व सड़क की मरम्मत की जाए

ग्रामीणों के अनुसार गांव छिछड़ाना के खेतों से रोहतक डिस्ट्रीब्यूट्री गुजरती है। इस डिस्ट्रीब्यूट्री के नीचे पाइपलाइन के पाइप गुजारे गए हैं। पाइप दबाते समय डिस्ट्रीब्यूट्री की दोनों पटरियों को उखाड़ना पड़ा था। पाइपलाइन दबाने के बाद डिस्ट्रीब्यूट्री की पटरियों को मिट्टी से बांध दिया गया लेकिन इस जगह को पक्का नहीं किया गया है। बरसात का मौसम शुरू हो गया है। अगर किसी दिन डिस्ट्रीब्यूट्री में पानी अधिक मात्रा में छोड़ दिया गया तो यहां से पटरियों के टूटने का खतरा बना रहेगा। इसके अलावा छिछड़ाना से रूखी और घिलौड़ मार्ग को भी पाइपलाइन क्रॉस करती है। पाइपलाइन दबाते समय इन दोनों बनाए गए कटों को अब तक पक्का नहीं किया गया है। बरसात होने पर यहां मिट्टी से वाहन फिसल जाते हैं और हादसे का अंदेशा रहता है।

# सदस्यता अभियान को लेकर जनता में जबरदस्त उत्साह : अशोक सरोहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

- हलके के चार गांवों का दौरा कर अध्यक्ष सियानंद त्यागी ने सदस्यों को पार्टी से जोड़ा

जननायक जनता पार्टी जिला अध्यक्ष अशोक सरोहा के नेतृत्व में मंगलवार को हल्के के गांव कुराड़, हसनपुर, लड़सौली, सनपेड़ा में सदस्यता अभियान चलाया। जिला अध्यक्ष अशोक सरोहा ने पार्टी की नीतियों के बारे में अवगत कराया व हल्का गन्नौर अध्यक्ष सियानंद त्यागी ने युवाओं को पार्टी में शामिल होने के लिए अपील की। हल्का अध्यक्ष सियानंद त्यागी ने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे केवल उन्हीं लोगों को सदस्य बनाएं जो पार्टी के मूल्यों में सच्ची आस्था रखते हों। सदस्यता अभियान को मजबूती से चलाने और सफल बनाने के उद्देश्य से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, नए सदस्यों को जोड़ने और सदस्यता अभियान को सुचारू रूप से चलाने बारे बताया। सियानंद त्यागी ने कहा कि जेजेपी एक विचारधारा आधारित पार्टी है और संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वे दुष्यंत चौटाला द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान किसानों के कल्याण के लिए गए फैसले का उल्लेख करते हुए लोगों को अवगत करवाए। अभियान में जिला प्रेस प्रवक्ता एडवोकेट सुधीर धनखड़ ,पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ महासचिव जगबीर सरोहा, अनिल सरोहा,राजेश, सुरेन्द्र,योगेश,सुरेश,अनिल, पंडित रामेश्वर, राजेंद्र,नरेंद्र, दीपक, सत्यनारायण, धर्मपाल नरेंद्र, सुंदर, सूरजभान, प्रधान राजेंद्र सिंह, चमन लाल, रोहताश, राजेंद्र शामिल रहे।


**गन्नौर।** पार्टी के सदस्यता अभियान के दौरान जिला अध्यक्ष अशोक सरोहा व हल्का अध्यक्ष सियानंद त्यागी।

## संदिग्ध हालत में फंदे से लटका मिला बुजुर्ग का शव

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के प्याऊ मनियारी स्थित कमरे में संदिग्ध हालत में बुजुर्ग ने फंदे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जरूरी नमूने एकत्रित कर शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जानकारी मिली है कि बुजुर्ग आर्थिक स्थिति कमजोर होने के चलते परेशान था।

उत्तर प्रदेश हाल में प्याऊ मनियारी निवासी अमन ने बताया कि उसका पिता तेज सिंह (51) मेहनत-मजदूरी का काम करता था। उसके पिता काफी दिनों से परेशान चल रहे थे। हाल में उन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है।

## खेड़ी मनाजात में 8 डीपीसी व डीलर ऑफिस को किया ध्वस्त

**सोनीपत।** जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) कार्यालय द्वारा मंगलवार को गांव खेड़ी मनाजात में अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई की गई। इस दौरान दिल्ली पानीपत रेलवे लाइन के पास 4.5 एकड़ भूमि पर अवैध रूप से बनाई गई 8 डीपीसी, डब्ल्यूबीएम रोड, डीलर कार्यालय तोड़ा गया। डीटीपी अजमेर सिंह ने बताया कि जिले में पनप रही अवैध कॉलोनियों और निर्माणों को प्रारंभिक चरण में ही ध्वस्त करने के लिए सख्त अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें। ऐसी कॉलोनियों में सरकार द्वारा कोई भी मूलभूत सुविधा जैसे सडक, पानी, सीवरेज या बिजली प्रदान नहीं की जाती। इससे आपकी मेहनत की कमाई जोखिम में पड़ सकती है।


**सोनीपत।** गांव खेड़ी मनाजात में जेसीबी के जरिये निर्माण तोड़ते हुए।

# खत्म हुआ केमिकल, सप्लाई हो रहा गंदा पेयजल

- महलाना रोड स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के निरीक्षण पर पहुंचें मेयर और डिप्टी मेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर की विभिन्न कॉलोनियों में गन्दा पेयजल आने की लगातार मिल रही शिकायतों के चलते नगर निगम मेयर राजीव जैन ने महलाना रोड स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया तो पाया कि पानी साफ करने वाला ऐलम केमिकल पिछले 10 दिनों से ख़त्म है और वहां के पानी से गंदगी निकालने वाली मोटरें बंद हैं। शहर की कालोनियों विशेषकर मंडी एरिया से प्रभु नगर, कृष्णा नगर, गोकुल नगर, जवाहर नगर, देव नगर अग्रसेन नगर, भरतपुरी आदि कॉलोनियों की शिकायत मिल रही थी, जिसके चलते मंगलवार सुबह राजीव जैन ने डिप्टी मेयर मंजीत गहलावत एवं पार्षद प्रतिनिधि राजेश दहिया के साथ प्लांट का दौरा किया तो कई खामिया मिली। उन्होंने प्लांट में गन्दा पानी देखा तो कर्मचारियों से पूछताछ की तो बताया कि ऐलम केमिकल पिछले 10 दिनों से ख़त्म है और नहर से सीधे आने वाली पानी से काई, मिटटी अलग करने वाली मोटरें कई माह से बंद हैं, इसके अतिरिक्त आपूर्ति करने वाली एक मोटर जली हुई है। मेयर ने फोन पर अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि नागरिक गन्दा पानी पीकर पीकर बीमार हो रहे हैं। उन्होंने सभी खामियों को तुरंत दूर करने के निर्देश दिए। इसके बाद सेक्टर 23 की ग्रीन बेल्ट स्थित बूस्टिंग स्टेशन का दौरा किया और पाया कि पानी भरपूर होने के बाद भी कालोनियों में पेयजल की कमी की शिकायत दूर नहीं हो रही।


**सोनीपत।** प्लांट का निरीक्षण करने पहुंचें मेयर साथ में डिप्टी मेयर एवं पार्षद प्रतिनिधि।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

**मौसम** | मौसम विभाग ने दी 30 जून तक भारी बारिश की चेतावनी

# सुबह बूंदाबांदी, दोपहर को उमस तो शाम को हवाओं ने दी राहत

- निचले इलाकों में जलभराव से बचने और अनावश्यक यात्रा से परहेज करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मौसम ने मंगलवार की सुबह शहरवासियों को उस समय हल्की राहत दी जब कई इलाकों में हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई। सुबह-सुबह गिरी फुहारों से मौसम में हल्की ठंडक तो आई, लेकिन दोपहर होते-होते उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया। हालांकि शाम के समय हवाएं चलने से मौसम कुछ सुहावना हो गया और लोगों ने राहत की सांस ली। दूसरी ओर मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में बारिश की गतिविधियां और तेज हो सकती हैं। विभाग ने बुधवार से जिले में बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, जिला प्रशासन ने 30 जून तक भारी बारिश की संभावना जताते हुए एडवाइजरी जारी की है। इसमें लोगों से सतर्क रहने, निचले इलाकों में जलभराव से बचने और अनावश्यक यात्रा से परहेज करने की अपील की गई है। भारी बारिश के कारण फसलों को नुकसान हो सकता है।



### भारी बारिश के पूर्वानुमान के कारण एडवाइजरी जारी

उपायुक्त सुशील सारवान ने जानकारी देते हुए बताया कि मौसम विभाग की ओर से जारी किए गए मौसम विभाग के आकंडों के आधार पर सोनीपत में 30 जून तक बिजली गरजन के साथ-साथ भारी बारिश की आशंका है। उन्होंने बताया कि कृषि मौसम विभाग के द्वार हरियाणा में एडवाइजारी जारी करते हुए बताया गया है कि भारी बारिश के कारण फसलों को नुकसान हो सकते है। जिस से बचने के लिए किसानों को सलाह दी गई कि वो कपास को नुकसान से बचाने के लिए स्थिर पानी को तुरंत हटा दें। उन्होंने बताया कि कपास अपनी प्रारंभिक वृद्धि अवस्था के दौरान जल ठहराव के प्रति अत्यधिक संवेदनशील होता है। जिससे फसल को गंभीर नुकसान होता है। ऐसे ही गन्ना, चावल, खरीफ मक्का, खीरा व अन्य फसलों पर सिंचाई/उर्वरक/रासायनिक छिड़काव न करें। खेत में उचित जल निकासी बनाए रखें और बारिश के तुरंत बाद रूके हुए वर्षा के जल को हटा दें।

### बरकरार रहा अधिकतम तापमान

मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सोमवार को भी जिले का अधिकतम तापमान 36 डिग्री पर ही बना हुआ था। राहत की बात ये रही कि सोमवार को उमस अधिक थी, जबकि मंगलवार को सुबह के समय हुई हल्की बूंदाबांदी से उमस ने ज्यादा समय तक परेशान नहीं किया।

### कल से बारिश के आसार

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि मानसून के कारण अगले कुछ दिनों तक अच्छी बारिश के आसार बने हुए हैं। जिसके तहत बुधवार, वीरवार, शुक्रवार को हल्की से मध्यम बारिश की चेतावनी दी गई है। वहीं शनिवार को भी बारिश की संभावना जताई गई है। विभाग के अनुसार दक्षिण पश्चिम मानसून के चंडीगढ़ सहित पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ने की संभावना के चलते बारिश की उम्मीद है।